NAPLAN ऑन पेपर – माता-पिता तथा देखरेखकर्ताओं के लिए जानकारी

Hindi

NAPLAN
NATIONAL ASSESSMENT PROGRAM
Literacy and Numeracy

2018

विद्यार्थी NAPLAN परीक्षाएँ किस लिए देते हैं?

नेशनल एसेसमेंट प्रोग्राम – लिटरेसी एंड न्युमरैसी (NAPLAN) साक्षरता (लिटरेसी) और अंक-ज्ञान (न्युमरैसी) की उन योग्यताओं का आकलन करता है जो प्रत्येक बच्चे के लिए स्कूल और जीवन में आगे बढ़ने के लिए अत्यावश्यक होती हैं।

कक्षा 3, 5, 7 और 9 में पढ़ने वाले विद्यार्थी रीडिंग (पठन), राइटिंग (लेखन), लेंग्वेज़ कन्वेंशन (स्पैलिंग, ग्रामर तथा पंक्चुएशन) और अंक-ज्ञान में NAPLAN की वार्षिक परीक्षाओं में भाग लेते हैं।

परीक्षाएं माता-पिता व विद्यालयों को इस बात की समझ प्रदान करती हैं कि परीक्षाओं के समय अलग अलग विद्यार्थी किस प्रकार प्रदर्शन कर रहे हैं। NAPLAN परीक्षाएँ किसी स्कूल द्वारा आकलन एवं रिपोर्टिंग प्रक्रिया का केवल एक पहलू हैं, और ये विद्यार्थी के प्रदर्शन के बारे में अध्यापकों द्वारा किए जाने वाले निरंतर आकलनों की जगह नहीं लेती हैं।

NAPLAN परीक्षाएं विद्यालयों, शिक्षा प्राधिकरणों और सरकारों को इस बारे में भी जानकारी प्रदान करती हैं कि शैक्षणिक कार्यक्रम किस प्रकार काम कर रहे हैं और क्या युवा ऑस्ट्रेलियाई साक्षरता एवं अंक-ज्ञान में महत्वपूर्ण शिक्षा-संबंधी परिणाम हासिल कर रहे हैं या नहीं।

किन-किन चीज़ों की परीक्षा होगी?

NAPLAN साक्षरता और अंक-ज्ञान की उन योग्यताओं का आकलन करती है जिन्हें विद्यार्थी अपने नियमित स्कूली पाठ्यक्रम के द्वारा सीख रहे होते हैं। सभी सरकारी और गैर-सरकारी शिक्षा प्राधिकरणों ने NAPLAN के विषय-वस्तु को तैयार करने में योगदान दिया है।

परीक्षाएँ कैसी होती हैं, आपको इसका उदाहरण देने के लिए, उदाहरण के तौर पर दिए कुछ सवाल इस वेबसाइट nap.edu.au/naplanexample पर देखें।

NAPLAN की तैयारी करने में मैं अपनी संतान की सहायता किस प्रकार कर सकता/सकती हूँ?

अपनी संतान को यह आश्वासन दिलाकर कि परीक्षाएँ उनके स्कूली कार्यक्रम का एक भाग हैं और परीक्षा वाले दिन उन्हें अपनी ओर से श्रेष्ठ कोशिश करना याद दिलाकर, NAPLAN की तैयारी करने में उसकी मदद करें। अध्यापक यह सुनिश्चित करेंगे कि विद्यार्थी परीक्षाओं में शामिल सवाओं के प्रकारों से परिचित हैं और वे उन्हें उचित समर्थन तथा मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

ACARA कोचिंग प्रदाताओं द्वारा दी जाने वाली सेवाओं के प्रयोग या अत्यधिक तैयारी करने का सुझाव नहीं देता है। NAPLAN का तात्पर्य पास या फेल होने के तौर पर नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि इसका तात्पर्य शिक्षण की प्रगति का आकलन करना है।

NAPLAN में भाग लेना

कक्षा 3, 5, 7 और 9 में पढ़ने वाले सभी विद्यार्थियों से NAPLAN की वार्षिक परीक्षाओं में भाग लेने की उम्मीद की जाती है।

विकलांगता से ग्रस्त विद्यार्थी उन समायोजनों के योग्य हो सकते हैं जो साधारत: क्लासरूम (कक्षा) आकलनों के लिए उपलब्ध कराई जाने वाली सहायता को दर्शाते हैं। जहाँ लागू हो आपको अपनी संतान के लिए किन्हीं विकलांगता समायोजनों के प्रयोग की चर्चा पहले अपनी संतान के अध्यापक से करनी चाहिए। गंभीर बौद्धिक विकलांगता और/या गंभीर समकालीन समस्याओं से ग्रस्त विद्यार्थी को, या किसी ऐसे विद्यार्थी को औपचारिक तौर पर छूट दी जा सकती है जो हाल ही में ऑस्ट्रेलिया आया हो और उसकी पृष्ठभूमि गैर-अंग्रेज़ी भाषी हो।

आपके स्कूल का प्रिंसिपल और आपका स्थानीय परीक्षा प्रबंधक प्राधिकरण विकलांगता समायोजनों या औपचारिक छूट हासिल करने के लिए ज़रुरी प्रक्रिया के बारे में आपको और अधिक जानकारी दे सकते हैं।

क्या मेरी संतान NAPLAN की परीक्षा पेपर के माध्यम से या ऑनलाइन तरीके से देगी?

आपकी संतान 2018 में NAPLAN की परीक्षाएँ पेपर के माध्यम से देगी।

परन्तु, पूरे ऑस्ट्रेलिया में कुछ अन्य स्कूलों में बच्चे इस वर्ष NAPLAN की परीक्षा ऑनलाइन तरीके से दे सकते हैं। केन्द्रीय, राज्य और राज्य-क्षेत्र के शिक्षा मंत्रियों में इस बात को लेकर सहमति हुई है कि अगले दो से तीन वर्षों में NAPLAN की परीक्षा ऑनलाइन तौर पर आयोजित की जाएगी। राज्य और राज्य-क्षेत्रों के शिक्षा प्राधिकरण यह निर्धारित करेंगे कि उनके स्कूल ऑनलाइन तरीके में इसका स्थानांतरण कब करेंगे।
क्योंकि विद्यार्थियों को ऐसे सवाल दिए जाते हैं जो कठिनाई की समान सीमा की उनकी परीक्षा लेते हैं, चाहे वे परीक्षा ऑनलाइन तरीके से या पेपर के माध्यम से दें, दोनों फॉर्मेट के परिणाम NAPLAN के समान आकलन पैमाने पर रिपोर्ट किए जाएंगे।

NAPLAN ऑनलाइन के बारे में और अधिक जानकारी के लिए nap.edu.au/online-assessment देखें।

NAP NATIONAL ASSESSMENT PROGRAM
acara AUSTRALIAN CURRICULUM, ASSESSMENT AND REPORTING AUTHORITY
VICTORIAN CURRICULUM AND ASSESSMENT AUTHORITY
VICTORIA State Government

यदि मेरी संतान परीक्षा के दिनों में स्कूल से अनुपस्थित रहती है, तो क्या होता है?

जहाँ संभव होगा, विद्यालय परीक्षा के समय अनुपस्थित रहने वाले विद्यार्थियों के लिए परीक्षा वाले सप्ताह के दौरान किसी अन्य समय में, छूटी हुई परीक्षा के लिए आयोजन करने का प्रबंध कर सकते हैं। विद्यार्थियों को 18 मई 2018 शुक्रवार के बाद परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

NAPLAN 2018 की परीक्षाओं की समय-सारणी

	मंगलवार 15 मई	बुधवार 16 मई	गुरुवार 17 मई
कक्षा 3	लेंग्वेज कन्वेंशन 40 मिनट .... राइटिंग 40 मिनट	रीडिंग 45 मिनट	न्युमरैसी 45 मिनट
कक्षा 5	लेंग्वेज कन्वेंशन 40 मिनट .... राइटिंग 40 मिनट	रीडिंग 50 मिनट	न्युमरैसी 50 मिनट
कक्षा 7	लेंग्वेज कन्वेंशन 45 मिनट .... राइटिंग 40 मिनट	रीडिंग 65 मिनट	न्युमरैसी 60 मिनट
कक्षा 9	लेंग्वेज कन्वेंशन 45 मिनट .... राइटिंग 40 मिनट	रीडिंग 65 मिनट	न्युमरैसी 60 मिनट

मेरी संतान के प्रदर्शन को कैसे आंका जाता है?

हर परीक्षा के लिए प्रत्येक विद्यार्थी के प्रदर्शन को उपलब्धि के राष्ट्रीय पैमाने (नेशनल अचिवमैंट स्केल) पर दिखाया जाता है। राष्ट्रीय न्यूनतम मानक पर प्राप्त परिणाम यह दर्शाता है कि विद्यार्थी ने उस कक्षा में पूर्ण रूप से भाग लेने के लिए आवश्यक साक्षरता एवं अंक-ज्ञान की आधारभूत योग्यताओं का प्रदर्शन किया है। प्रत्येक विद्यार्थी के प्रदर्शन की तुलना पूरे ऑस्ट्रेलिया के विद्यार्थियों के औसतन प्रदर्शन से की जा सकती है।

वर्ष में आगे चलकर आपके स्कूल द्वारा NAPLAN रिपोर्ट जारी की जाएगी। यदि आपको यह रिपोर्ट नहीं मिलती है तो आपको अपने स्कूल से संपर्क करना चाहिए।

NAPLAN परीक्षा के परिणामों का प्रयोग किस प्रकार किया जाता है?

- अध्यापकों के साथ प्रगति पर विचार-विमर्श करने के लिए विद्यार्थी और माता-पिता निजी परिणामों का प्रयोग कर सकते हैं
- अध्यापक इन परिणामों का प्रयोग उन विद्यार्थियों की और भी बेहतर तरीके से पहचान करने के लिए करते हैं जिन्हें और अधिक चुनौतिपूर्ण कार्यों या अतिरिक्त सहायता की ज़रूरत होती है।
- स्कूल अध्यापक कार्यक्रमों की अच्छाईयों व कमियों का पता लगाने और साक्षरता एवं अंक-ज्ञान में लक्ष्य निर्धारित करने के लिए परिणामों का प्रयोग करते हैं।
- स्कूली प्रणालियाँ कार्यक्रमों तथा स्कूल को दी जाने वाली सहायता की समीक्षा करने के लिए परिणामों का प्रयोग करती हैं।
- समुदाय myschool.edu.au वेबसाइट पर औसतन स्कूली NAPLAN परिणाम देख सकता है।

मुझे और अधिक जानकारी कहाँ से मिल सकती है?

NAPLAN के बारे में और अधिक जानकारी के लिए:

- अपनी संतान के स्कूल से संपर्क करें
- अपने स्थानीय परीक्षा प्रबंधन प्राधिकरण से nap.edu.au/TAA पर संपर्क करें
- nap.edu.au देखें

यह जानने के लिए कि NAPLAN के लिए व्यक्तिगत जानकारी का प्रबंध ACARA द्वारा कैसे किया जाएगा, कृपया वेबसाइट nap.edu.au/naplanprivacy देखें